प्राथमिकता
संख्या–1439/18–4–2010

प्रेषक,

राम किशोर,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,उद्योग,
उ0 प्र0 कानपुर।

लघु उद्योग अनुभाग–4 लखनऊदिनांक 30 अप्रैल, 2010

विषय– उ0प्र0 निर्यात निगम लि0 लखनऊ के गैर सरकारी उपाध्यक्ष को वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए अनुमन्य मानदेय एवं अन्य सुविधाओं पर होने वाले प्रस्तावित व्यय रू0 5.83 लाख की धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक उद्योग निदेशालय के पत्र सं0–1698/4/वित्त–बजट/आय–व्ययक अनुमान/2010–11, दि0 13.11.09 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उ0प्र0 निर्यत निगम लि0 के गैर सरकारी उपाध्यक्ष के मनदेय एवं अय सुविधाओं हेतु रू0 5.83 लाख की बजट व्यवस्था अनुदान सं0–3 निदेशन तथा प्रशासन योजनान्तर्गत किये जाने की अपेक्षा की गयी थी। तद्नुसार उक्त प्रस्ताव को सम्मिलित करते हुए वित्तीय वर्ष 2010–11 में निदेशन तथा प्रशासन योजनान्तर्गत रू0 2439.87 लाख की बजट व्यवस्था की गयी है जिसकी वित्तीय स्वीकति शासनादेश सं0–871/18–1–2010–25(28)/09 दिनांक–13,4,2010 द्वारा दी जा चुकी है।

अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उ0प्र0 निर्यात निगम लि0 के गैर सरकारी उपाध्यक्ष के मानदेय एवं अन्य सुविधाओं के व्यय हेतु उ0प्र0 निर्यात निगम लि0 के सक्षम अधिकारी की वास्तविक मांग पर उन्हें यथावश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम किशोर)
अनु सचिव।

संख्या तथा दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 निर्यात निगम लि0, लखनऊ।
2– वित्त नियंत्रक,उद्योग, उद्योग निदेशालय, कानपुर।
3– लघु उद्योग अनुभाग–1 एवं 3
4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम किशोर)
अनु सचिव।